## **उम्मीदवार द्वारा घोषणा**

(पीएनबी विनियम के विनियम 65 का सन्दर्भ लें)

मैं,............................................................................................ पुत्र/ पुत्री/ पत्नी श्री/ श्रीमती....................................................................निवासी.............................................................. .............................................................................................................................एतद्द्वारा पुष्टि करता/करती हूँ:

क. मैं एक शेयरधारक हूँ जिसके पास 28 अगस्त, 2026 अर्थात् चुनाव में भाग लेने के लिए निर्दिष्ट/ कट-ऑफ तिथि को बैंक के रु.2/- प्रत्येक के.......................................... इक्विटी शेयर हैं, और यदि बैंक के निदेशक के रूप में चयन होता है, तो कार्यकाल के अंत तक इन शेयरों को धारण करने का वचन देता हूँ;

ख. मुझे *(i) कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था, (ii) बैंकिंग, (iii) सहकारिता, (iv) अर्थशास्त्र, (v) वित्त (vi) विधि (vii) लघु उद्योग, (viii) सूचना प्रौद्योगिकी (ix) भुगतान और निपटान प्रणाली (x) मानव संसाधन (xi) जोखिम प्रबंधन (xii) व्यवसाय प्रबंधन तथा (xiii) किसी अन्य मामलों से संबन्धित या क्षेत्रों में विशेष ज्ञान या व्यावहारिक अनुभव है, जो आरबीआई की राय में बैंक के लिए उपयोगी होगा, और मैं बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9 की उपधारा 3A के संदर्भ में जमाकर्ताओं किसानों, श्रमिकों और कारीगरों के हित का प्रतिनिधित्व करता हूं और इसके साक्ष्य के रूप में, मैं इसके साथ सुसंगत विवरण, प्रस्तुत करता हूं,

*_जो भी लागू नहीं हो उसे डिलीट करें_

ग. मैं नामांकन संख्या..................................से.................................... स्वीकार करता हूं।

घ. मैं पंजाब नैशनल बैंक के निदेशक का चुनाव लड़ने के लिए इच्छुक हूं;

ङ. मैं बैंकिंग विनियम अधिनियम, 1949, बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970, राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन और विविध प्रावधान) योजना, 1970, पंजाब नैशनल बैंक (शेयर और बैठकें) विनियम, 2000 और भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी मास्टर निर्देशों और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के गैर-आधिकारिक निदेशकों के संबंध में भारत सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देशों के प्रावधानों के अंतर्गत बैंक का निदेशक होने के लिए अयोग्य नहीं हूं।

च. मैं न तो कोई लाभ का पद धारण करता हूं और न ही मैं किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक या भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम, 1955 की धारा 3 की उप-धारा (1) के अंतर्गत गठित भारतीय स्टेट बैंक या धारा 3 में परिभाषित किसी सहायक बैंक भारतीय स्टेट बैंक (समनुषंगी बैंक) अधिनियम, 1959 का/की कर्मचारी हूं।

छ. मैं कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 164 के अंतर्गत अयोग्य नहीं हूं;

मैं आगे घोषणा करता हूँ कि:

ज. मुझे किसी भी समय दिवालिया घोषित नहीं किया गया है या मेरा भुगतान नहीं रोका गया है या मेरी लेनदारों से मिलीभगत नहीं रही है।

झ. मुझे मानसिक रूप से अस्वस्थ नहीं पाया गया है या सक्षम न्यायालय द्वारा ऐसा घोषित नहीं किया गया है ।

ञ. मुझे किसी भी न्यायालय द्वारा दोषी नहीं ठहराया गया है ।

ट. मुझे किसी आपराधिक न्यायालय द्वारा किसी ऐसे अपराध के लिए दोषी नहीं ठहराया गया है जिसमें नैतिक अधमता या अन्यथा शामिल हो;
ठ. मुझे किसी आर्थिक अधिकारी या न्यायिक मजिस्ट्रेट या उच्च न्यायालय या किसी अन्य न्यायालय द्वारा उद्घोषित अपराधी घोषित नहीं किया गया है;
ड. निदेशक के रूप में मेरे कार्यकाल के दौरान तथा इसके पश्चात् दो वर्षों की अवधि के लिए बैंक के साथ मेरा कोई पेशेवर संबंध नहीं होगा;
ढ. मैं किसी बैंक या रिजर्व बैंक या किसी वित्तीय संस्थान (एफआई) या बीमा कंपनी या किसी अन्य बैंक में एनओएफएचसी धारक बोर्ड का सदस्य नहीं हूं;
ण. मैं किराया खरीद, वित्तपोषण, धन उधार देने, निवेश, पट्टे और अन्य पैरा बैंकिंग गतिविधियों से सम्बद्ध हुआ नहीं हूँ;
त. मैंने किसी बैंक/वित्तीय संस्थान/आरबीआई/बीमा कंपनी के बोर्ड में पूर्व में किसी भी श्रेणी के अंतर्गत लगातार या अनिरंतर रूप से छः वर्षों के लिए निदेशक के रूप में कार्य नहीं किया है;
थ. मैं स्टॉक ब्रोकिंग के कारोबार में लिप्त नहीं हूं ;
द. मैं संसद या राज्य विधानमंडल या नगर निगम या नगर पालिका या अन्य स्थानीय निकायों (अन्य स्थानीय निकायों का अर्थ है अधिसूचित क्षेत्र परिषद, नगर परिषद, पंचायत, ग्राम सभा, जिला परिषद, आदि) के सदस्य के पद पर नहीं हूँ ;
ध. मैं किसी चार्टर्ड अकाउंटेंट फर्म के भागीदार के रूप में कार्य नहीं कर रहा हूँ, जो वर्तमान में किसी राष्ट्रीयकृत बैंक या भारतीय स्टेट बैंक के सांविधिक केंद्रीय लेखा परीक्षक के रूप में कार्यरत हैं ;
न. मैं ऐसे चार्टर्ड एकाउंटेंट फर्म के भागीदार के रूप में कार्य नहीं कर रहा हूँ जो वर्तमान में ऐसे बैंक के सांविधिक शाखा लेखा-परीक्षक या समवर्ती लेखा-परीक्षक के रूप में संलग्न है, जिसमें चुनाव हेतु नामांकन दाखिल किया गया है ;
ऩ. मेरा पंजाब नैशनल बैंक के साथ न तो कोई व्यावसायिक संबंध (कानूनी सेवाओं, सलाहकार सेवाओं आदि सहित) है और न ही उसे ऐसी गतिविधियों में संलग्न हूँ जिसके परिणामस्वरूप पंजाब नैशनल बैंक के साथ व्यापारिक हित हो सकते हैं;
प. मेरा किसी बैंक या किसी भी अन्य बैंक द्वारा धारण किए जाने वाले एनओएफएचसी के साथ कोई व्यावसायिक संबंध नहीं है, यदि कोई संबंध होता है तो निर्वाचित होने पर निदेशक के रूप में पदभार ग्रहण करने से पूर्व संबंध समाप्त कर लूंगा;
फ. मैं वचन देता हूँ कि किसी भी नियामक या पर्यवेक्षी प्राधिकरण/एजेंसी, या कानून प्रवर्तन एजेंसी के प्रतिकूल नोटिस के अधीन नहीं हूँ तथा मैं किसी भी उधार देने वाली संस्था का चूककर्ता नहीं हूँ ;
ब. मैं निदेशक का पद ग्रहण करने से पूर्व (दिनांक 28.11.2025 के भारतीय रिज़र्व बैंक के मास्टर निदेशों के अनुरूप निर्धारित प्रारूप में) में प्रसंविदा विलेख निष्पादित करने का वचन देता हूँ;
भ. मैं उन घटनाओं के संबंध में यथाशीघ्र बैंक को पूरी जानकारी प्रदान करने का वचन देता हूँ जो प्रदान की गई जानकारी से संबंधित घोषणा पत्र देने के पश्चात् होती हैं तथा मैं प्रसंविदा विलेख निष्पादित करने का वचन देता हूँ ;
म. मैं यदि निर्वाचित होता हूँ, तो जब तक बैंक के निदेशक के पद पर रहूंगा तब तक सेबी (सूचीकरण बाध्यताएं तथा प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015, यथा संशोधित के प्रासंगिक प्रावधानों का पालन करने का वचन देता हूँ;
य. मैं अन्य कंपनियों/बैंकों/अन्य संस्थाओं में अपने वर्तमान और पिछले निदेशक पद का विवरण निम्नानुसार प्रस्तुत कर रहा हूँ; और

| **कंपनी, बैंक, अन्य संस्थाओं के नाम** | **निदेशक विवरण यथा कार्यकाल, निर्देशन का स्वरुप, अवधि आदि।** |
|---|---|
| | |
| | |

*(यदि आवश्यक हो तो अतिरिक्त पंक्तियाँ/शीट जोड़ें)*

र. मैं अपने व्यक्तिगत विवरणों को संलग्न करता हूं जो मेरे ज्ञान और विश्वास से सत्य और पूर्ण हैं;

| | |
|---|---|
| नाम | |
| हस्ताक्षर | |
| धारित शेयरों की संख्या | |
| पंजीकृत फोलियो नं.<br>(यदि अभौतिकीकृत नहीं है) | |
| डीपी आईडी नंबर और क्लाइंट आईडी नंबर<br>(यदि अभौतिकीकृत हो) | |
| स्थान | |
| दिनांक | |

उपर्युक्त घोषणा पर मेरे समक्ष हस्ताक्षर किए गए थे।

____________________________________________________

न्यायधीश, मजिस्ट्रेट, रजिस्ट्रार या उप-रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस, या अन्य राजपत्रित अधिकारी या भारतीय रिज़र्व बैंक या किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक के किसी अधिकारी की मुहर सहित हस्ताक्षर।

**बैंक का नाम: पंजाब नैशनल बैंक**

**<u>प्रस्तावित निदेशक द्वारा घोषणा और वचनबंध</u>**

**(उपयुक्त संलग्नकों सहित)**

पासपोर्ट आकार का फोटो यहां चिपकाएं

| | | |
|---|---|---|
| | | दिनांक ........./............../......... |
| **क्र.सं.** | **विवरण** | **प्रकट की गई जानकारी** |
| I | **व्यक्तिगत विवरण** | |
| 1. | पूरा नाम | प्रथम नाम \| मध्य नाम \| उपनाम |
| 2. | पिता का नाम | |
| 3. | लिंग (पुरुष/महिला/अन्य) | एससी/एसटी/ओबीसी |
| 4. | वर्तमान पता | |
| 5. | स्थायी पता | |
| 6. | ई-मेल पता एवं वैकल्पिक ई-मेल पता:<br>एसटीडी कोड सहित टेलीफोन नंबर:<br>मोबाइल नंबर: | |
| 7. | राष्ट्रीयता | |
| 8. | जन्म तिथि (दिन /माह/ वर्ष) और आयु | - - / - - / - - - - आयु: - - वर्ष - - माह - - - दिन |
| 9. | शैक्षिक योग्यता | |
| 10. | निदेशक पहचान संख्या (डीआईएन) | |
| 11. | आधार संख्या (वैकल्पिक) | |

<table>
<tr><td>12.</td><td>(ए) स्थायी खाता संख्या (पैन)<br>(बी) प्रभार जहां प्रस्तावित निदेशक का कर मूल्यांकन किया जाता है (आयकर क्षेत्राधिकार) / आयकर सर्कल / वार्ड का नाम और पता<br>(सी) पिछले 3 वर्षों के रिटर्न फ़ाइल करने और करों के भुगतान का विवरण</td><td><table>
<tr><th>फ़ाइल करने की तिथि</th><th>भुगतान किए गए कर की राशि (INR)</th></tr>
<tr><td></td><td></td></tr>
<tr><td></td><td></td></tr>
<tr><td></td><td></td></tr>
</table></td></tr>
<tr><td>13.</td><td>लेखा, कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था, बैंकिंग, सहकारिता, अर्थशास्त्र, वित्त, विधि, लघु उद्योग, या एक या अधिक मामलों के संबंध में प्रासंगिक ज्ञान या अनुभव पर एक संक्षिप्त लेख के रूप में विवरण सूचना प्रौद्योगिकी/ भुगतान एवं निपटान प्रणाली/ मानव संसाधन/ जोखिम प्रबंधन/ व्यवसाय प्रबंधन से संबंधित मामले या किसी अन्य मामले के संबंध में प्रासंगिक ज्ञान या अनुभव पर एक संक्षिप्त लेख के रूप में विवरण, जिनका भारतीय रिज़र्व बैंक की राय में विशेष ज्ञान और व्यावहारिक अनुभव बैंक के लिए उपयोगी होंगे।</td><td></td></tr>
<tr><td>14.</td><td>वर्तमान व्यवसाय (पदनाम, संगठन का नाम और अनुभव पर संक्षिप्त आलेख)</td><td></td></tr>
<tr><td>15.</td><td>न्यूनतम दस वर्षों को कवर करने वाला पिछला व्यवसाय, जिसमें कार्य किये गए संगठनों का पूरा पता, नियुक्ति की तिथि, कार्यमुक्ति की तिथि (कारणों सहित), पदनाम, आदि शामिल हों।</td><td></td></tr>
<tr><td>16.</td><td>सनदी लेखाकार के मामले में, निम्नलिखित को इंगित करें:<br>(क) भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (ICAI) की सदस्यता संख्या:<br>(ख) भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (ICAI) में पंजीकरण की तिथि:<br>(ग) पंजीकृत फर्म/ फर्मों का नाम और पता:</td><td></td></tr>
</table>

<table>
<tr><td></td><td>(घ) वर्तमान में फर्म (फर्मों) या आपके द्वारा किए गए लेखापरीक्षा (ओं) का विवरण:</td><td></td></tr>
<tr><td>17.</td><td>शाखा और खाता संख्या (बचत/चालू/ऋण खाता) के साथ उस बैंकर का नाम, जहां आप प्राथमिक खाताधारक हैं:</td><td><table><tr><th>बैंक का नाम</th><th>शाखा</th><th>खाते का प्रकार</th><th>खाता संख्या</th></tr><tr><td></td><td></td><td></td><td></td></tr><tr><td></td><td></td><td></td><td></td></tr></table></td></tr>
<tr><td>18.</td><td>आपके द्वारा, जीवनसाथी द्वारा और आपके अवयस्क बच्चे द्वारा यदि भौतिक या अमूर्त रूप में किसी भी प्रकार से रखी गई शेयरहोल्डिंग का विवरण। (डीमैट / शेयरधारिता प्रमाणपत्र संलग्न करें)</td><td></td></tr>
<tr><td>19.</td><td>बैंक के निदेशक पद से संबंधित कोई अन्य जानकारी</td><td></td></tr>
<tr><td>II</td><td>प्रस्तावित निदेशक के प्रासंगिक संबंध</td><td></td></tr>
<tr><td>1.</td><td>बैंक से संबद्ध रिश्तेदारों की सूची, (कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 2 (77) तथा कंपनी नियम 4 (परिभाषाओं के विनिर्दिष्ट विवरण) नियम, 2014) यदि कोई हो, जो किसी बैंक से जुड़े हैं :</td><td></td></tr>
<tr><td>2.</td><td>संस्थाओं की सूची, जिसमें :<br>क) आप रुचि रखते हैं (कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 184 का संदर्भ लें) बैंकों / एनबीएफसी / कंपनियों / निगमित निकायों / फर्मों / व्यक्तियों के संघ आदि के नामों का अलग-अलग उल्लेख किया जाना चाहिए।<br>ख) उन संस्थाओं की सूची, जिनमें आप लाभकारी स्वामित्व रखते हैं [कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 89 और साथ ही लागू एमसीए के महत्वपूर्ण लाभकारी स्वामित्व नियमों का सन्दर्भ लें]<br>ग) ट्रस्टों की सूची जिसमें आपके पास ट्रस्टी का पद है (ट्रस्ट के संदर्भ में किसी अन्य संबंध का भी उल्लेख करें):</td><td></td></tr>
<tr><td>3.</td><td>मौजूदा और प्रस्तावित संस्थाओं की सूची, जिनमें आप बैंकिंग विनियम अधिनियम, 1949 की धारा 5 (एनई) "पर्याप्त हित"</td><td><table><tr><td>कंपनी/फर्म का नाम</td><td></td></tr><tr><td>इसके निगमन का देश</td><td></td></tr></table></td></tr>
</table>

<table>
<tr>
<td></td>
<td>के अनुसार पर्याप्त हित रखते हैं। (i) किसी कंपनी के संबंध में, किसी व्यक्ति या उसके पति/पत्नी अथवा अवयस्क संतान द्वारा, एकल या संयुक्त रूप से, उस कंपनी के शेयरों में लाभकारी हित धारण करना, जिसके लिए प्रदत्त राशि दो करोड़ रुपये से अधिक हो या केंद्र सरकार द्वारा राजपत्र में अधिसूचित की जाने वाली ऐसी अन्य राशि से अधिक हो, अथवा कंपनी की प्रदत्त पूंजी के दस प्रतिशत से अधिक हो—इनमें से जो भी कम हो; (ii) एक फर्म के संबंध में, तात्पर्य है कि किसी व्यक्ति या उसके जीवनसाथी या अव्यस्क बच्चे द्वारा चाहे अकेले या सामूहिक रूप से कोई लाभकारी हित रखना, जो उक्त फर्म के सभी भागीदारों द्वारा निर्धारित कुल पूंजी का दस प्रतिशत से अधिक का प्रतिनिधित्व करता है;</td>
<td>
<table>
<tr><td>शेयर की संख्या</td><td></td></tr>
<tr><td>प्रत्येक शेयर का अंकित मूल्य</td><td></td></tr>
<tr><td>धारित शेयर का कुल अंकित मूल्य</td><td></td></tr>
<tr><td>कुल चुकता पूंजी के % के रूप में शेयरधारिता</td><td></td></tr>
<tr><td>लाभकारी हित (मूल्य के साथ-साथ % के संदर्भ में)</td><td></td></tr>
<tr><td>क्या इकाई कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत धारा 8 कंपनी है</td><td></td></tr>
</table>
</td>
</tr>
<tr><td>4.</td><td>विदेशों में निगमित और भारत में कारोबार करने वाली संस्थाओं में धारिताओं का विवरण।</td><td></td></tr>
<tr><td>5.</td><td>बैंक/एनबीएफसी/किसी अन्य कंपनी का नाम जिसमें वर्तमान में या अतीत में आप बोर्ड/सलाहकार आदि के सदस्य रहे हैं (उस अवधि का विवरण दें जिसके दौरान ऐसा पदभार रहा हो/रहा था)</td><td></td></tr>
<tr><td>6.</td><td>यदि किसी ऐसी संस्था, से जुड़ें हों जो खरीद, वित्तपोषण, निवेश, पट्टे पर देने और अन्य पैरा बैंकिंग गतिविधियां करती हों (संगठन के स्वरुप  का उल्लेख किया जाना चाहिए), तो उसका विवरण दें।</td><td></td></tr>
<tr><td>7.</td><td>यदि किसी स्टॉक ब्रोकर या किसी ऐसी संस्था से संबद्ध हों जो शेयर ब्रोकिंग गतिविधियों, में संलिप्त हों, उनका विवरण दें।</td><td></td></tr>
<tr><td>8.</td><td>निधि और गैर-निधि-आधारित सुविधाओं का विवरण, यदि कोई हो, जिनका आपने व्यक्तिगत रूप से तथा/ या उक्त मद सं० II (2) से (7) में सूचीबद्ध संस्थाओं द्वारा उपभोग किया गया हो।</td><td></td></tr>
</table>

| | | |
|---|---|---|
| 9. | ऐसे मामले, यदि कोई हों, जहां एक व्यक्तिगत रूप से, आप, या ऊपर बिंदु II (2) से (7) में सूचीबद्ध संस्थाओं ने बैंक / एनबीएफसी / किसी अन्य ऋण देने वाली संस्था से प्राप्त क्रेडिट सुविधाओं के संबंध में अतीत में चूक की है या इरादतन चूककर्ता घोषित किया है। | |
| **III** | **व्यावसायिक उपलब्धियों के रिकार्ड** | |
| 1. | निदेशक पद के लिए सुसंगत पेशेवर उपलब्धियाँ। | |
| **IV** | **प्रस्तावित निदेशक पर कार्यवाही, यदि कोई हो** | |
| 1. | क) एक पेशेवर संघ/निकाय के सदस्य के रूप में, अनुशासनात्मक कार्रवाई का विवरण, यदि कोई हो, लंबित या शुरू की गई या जिसके परिणामस्वरूप अतीत में दोषसिद्धि हुई हो या क्या किसी भी समय किसी पेशे/व्यवसाय में प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया हो, तो उसका विवरण। | |
| | ख) यदि व्यक्तिगत पेशेवर आचरण या गतिविधियों के संबंध में कोई लिखित शिकायत या आरोप है, तो उसका विवरण। | |
| 2. | अभियोजन के विवरण, यदि कोई हो,लंबित या शुरू किया गया या जिसके परिणामस्वरूप अतीत में स्वयं को/ और या आर्थिक कानूनों और विनियमों के उल्लंघन के लिए उपरोक्त बिंदु II (2) से(7) में सूचीबद्ध किसी भी संस्था के विरुद्ध दोषी ठहराया गया हो। | |
| 3. | आपराधिक अभियोजन के विवरण, यदि कोई हो, लंबित या शुरू या जिसके परिणामस्वरुप दोषी ठहराए गए। | |
| 4. | यदि एएमएल/सीएफटी दिशानिर्देशों के किसी भी उल्लंघन में लिप्त है, तो उसका विवरण। | |
| 5. | यदि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 164 के अंतर्गत परिकल्पित किसी भी | |

| | | |
|---|---|---|
| | अयोग्यता को आकर्षित किया जाता है, तो उसका विवरण। | |
| 6. | यदि दिवालिया घोषित कर दिया गया है या भुगतान निलंबित किया गया है या लेनदारों के साथ समझौता किया गया है, तो उसका विवरण। | |
| 7. | यदि कोई विकृत मस्तिष्क का पाया जाता है और एक सक्षम न्यायालय द्वारा घोषित किया जाता है, तो उसका विवरण | |
| 8. | (क) यदि आपराधिक न्यायालय द्वारा किसी ऐसे अपराध का दोषी ठहराया गया है जिसमें नैतिक क्रूरता या अन्यथा शामिल है, तो उसका विवरण.<br>(ख) यदि किसी न्यायालय द्वारा दोषी ठहराया गया है, तो उसका विवरण. | |
| 9. | एक पूर्णकालिक निदेशक का पद धारण करने के अतिरिक्त यदि किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक या भारतीय स्टेट बैंक के तहत कोई भी लाभ का पद धारण करते हैं, तो उसका विवरण। | |
| 10. | यदि किसी व्यक्ति या ऊपर बिंदु सं० II (2) से (7) में किसी भी संस्था के रूप में, पूर्व नियोक्ता या सरकारी विभागों या एजेंसी से किसी भी जांच / सतर्कता/मामलों की जांच के अधीन हैं, तो उसका विवरण। | |
| 11. | यदि सीमा शुल्क/उत्पाद शुल्क/आयकर/विदेशी विनिमय/अन्य राजस्व प्राधिकरण की अपेक्षानुरूप नियमों/विनियमों/संवैधानिक आवश्यकताओं के उल्लंघन का दोषी पाया गया है, तो उसका विवरण | |
| 12. | *यदि किसी भी विनियामक जैसे सेबी, आईआरडीएआई, पीएफआरडीए आदि, पेशेवर संगठन, सरकारी एजेंसी, या न्यायालय द्वारा किसी पेशेवर आचरण या गतिविधियों के कारण निंदा की गई, फटकार लगाई गई, प्रतिबंधित, निलंबित, बाधित, रोक लगाई गई हो, या अन्यथा मंजूरी दी गई हो, तो उसका विवरण।* | |

| | | |
|---|---|---|
| | *(यद्यपि उम्मीदवार के लिए ऐसे आदेशों और निष्कर्षों के बारे में कॉलम में उल्लेख करना आवश्यक नहीं होगा, जो बाद में पूर्ण रूप से बदल दिए गए हों/ पूर्णतया रद्द कर दिए गए हों, परन्तु इन्हें ऐसी स्थिति में वर्णित करना आवश्यक होगा जहाँ तकनीकी कारणों जैसे अधिकार क्षेत्र की कमी या सीमित होने के कारण बदला/ रद्द किया गया हो न कि योग्यता के आधार पर।यदि कोई आदेश अस्थायी रूप से रोका गया है तथा अपीलीय न्यायालय की कार्रवाई लंबित है, तो उसका भी वर्णन किया जाना चाहिए)।* | |
| **V** | **सामान्य जानकारी** | |
| 1. | यदि सनदी लेखाकार, वकील आदि जैसे पेशेवर और किसी भी बैंक में वर्तमान में कोई पेशेवर कार्य कर रहे / करते हैं, तो बैंक के नाम और बैंक के साथ संबंध की अवधि सहित विवरण प्रदान करें। | |
| 2. | यदि कोई सांसद / एमएलए / एमएलसी या नगर निगम या नगर पालिका या अन्य स्थानीय निकायों में राजनीतिक पद धारक है, तो उसका विवरण प्रदान करें। | |
| **VI** | **प्रकटीकरण और पारदर्शिता के हित में, यदि कोई अन्य सूचना, जो 'उचित और उपयुक्त' का मूल्यांकन करने के लिए सुसंगत हो तो उसका विवरण प्रदान करें।** | |
| | | |

**वचनबंध पत्र**

मैं पुष्टि करता/करती हूँ कि उपर्युक्त सूचना मेरी जानकारी एवं विश्वास में सत्य एवं पूर्ण है।मैं बैंक को उन घटनाओं के संबंध में पूरी जानकारी यथाशीघ्र प्रदान करने का वचन देता हूँ जो मेरी नियुक्ति के पश्चात् घटित होती हैं जो उपरोक्त प्रदान की गई जानकारी के लिए प्रासंगिक हैं।

मैं बैंक के साथ निष्पादित किये जाने वाले प्रसंविदा विलेख के निष्पादन का भी वचन देता हूँ ।

स्थान:
दिनांक: उम्मीदवार के हस्ताक्षर

संलग्नक:

........................................................................................
........................................................................................

टिप्पणी:

जहां भी स्थान पर्याप्त नहीं है, कृपया कालानुक्रमिक क्रम में और उपयुक्त प्रति संदर्भ सहित अनुलग्नक के रूप में जानकारी संलग्न करें।
प्रत्येक पृष्ठ (अनुलग्नकों सहित) उम्मीदवार द्वारा हस्ताक्षरित होना आवश्यक है।

| | | |
|---|---|---|
| **स्थान :** | | |
| **दिनांक**: | | |
| **नामांकन और पारिश्रमिक समिति /निदेशक मंडल की टिप्पणियाँ, जो इस बात से संतुष्ट हैं कि उपर्युक्त जानकारी सत्य और पूर्ण है।** | | |
| | | |
| **स्थान :** | | **एनआरसी / बोर्ड के अध्यक्ष का नाम और हस्ताक्षर** |
| **दिनांक :** | | |